य: पठति लिखति पश्यति परिपृच्छति पंडितान् उपाश्रयति।
तस्य दिवाकरकिरणै: नलिनी दलं इव विस्तारिता बुद्धि:॥
जो पढ़ता है, लिखता है, देखता है, प्रश्न पूछता है, बुद्धिमानों का आश्रय लेता है, उसकी बुद्धि उसी प्रकार बढ़ती है जैसे कि सूर्य किरणों से कमल की पंखुड़ियां।

सुप्रभात

वैशाख अमावस्या, विक्रम संवत 2075

अमर उजाला
my city
लखनऊ

सोमवार • 16.04.2018

08 भोर में केरला संस्कृति की छटा तो शाम को गूंजे रवींद्र गीत

Lucknow.amarujala.com

सुविधा ▶ शहर के दो प्रमुख चिकित्सा संस्थानों तक के लिए नई बस सेवा शुरू, रविवार से नए बने रूटों पर शुरू हुआ बसों का संचालन

दयाल चौराहे से पीजीआई, केजीएमयू के लिए सिटी बस @ ₹30 में

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। गोमती नगर के लोगों के लिए केजीएमयू और पीजीआई के लिए सीधी बस सेवा रविवार से शुरू हो गई। दोनों चिकित्सा संस्थानों के लिए सुबह सात बजे से रात नौ बजे तक गोमती नगर से बसें चलेंगी। वहीं दयाल चौराहे से पीजीआई व केजीएमयू तक का किराया 30 रुपये होगा।

गोमतीनगर आवासीय कल्याण महासमिति (आरडब्ल्यूए) की पहल के बाद रविवार को बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर यूपीएसआरटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक लखनऊ एके सिंह ने शुरू कराया। इस दौरान यूपीएसआरटीसी के अधिकारियों के साथ गोमतीनगर आरडब्ल्यू के अध्यक्ष डॉ. बीएन सिंह, महासचिव डॉ. राघवेंद्र शुक्ला, सचिव रूप कुमार शर्मा मौजूद रहे। सचिव ने बताया कि कि सी व्यस्तता की वजह से परिवहन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह खुद नहीं आ सके। पूरे दिन में बसें छह चक्कर तक लगाएंगीं। इससे करीब आठ लाख की आबादी को फायदा होगा

दयाल पैराडाइज चौराहे से हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना करते परिवहन अधिकारी।

कितनी दूरी का कितना किराया

3 किमी तक	₹5
3 से 6 किमी	₹10
6 से 10 किमी	₹15
10 से 14 किमी	₹20
14 से 17 किमी	₹25
17 से 20 किमी	₹30

(दोनों रूट की लंबाई करीब 19.9 किमी है। ऐसे में अधिक तम किराया 30 रुपये और न्यूनतम किराया पांच रुपये होगा।)

ये हैं बस के रूट

33पी- दयाल पैराडाइज, सीएमएस, बीबीडी अकादमी, लोहिया पार्क चौराहा, फन मॉल, 1090 चौराहा, जियामऊ, सीएम आवास, वीआईपी गेस्ट हाउस, कैंटोनमेंट बोर्ड, कमांड चौराहा, बेस हॉस्पिटल, लालकुर्ती, सुभानी खेड़ा, हनुमान मंदिर, राम भरोसे कालेज, तेलीबाग नहरिया, साउथ सिटी, उतरेटिया, डेंटल कॉलेज, वृंदावन योजना, एसजीपीजीआई।

44वी - मेडिकल कॉलेज चौराहा, ट्रॉमा सेंटर, कन्वेंशन सेंटर, डालीगंज पुल, शहीद स्मारक, स्वास्थ्य भवन, नेशनल पीजी कॉलेज, सहारागंज, सिकंदरबाग, जागरण चौराहा, तिकुनिया पार्क, बालू अड्डा, 1090 चौराहा, फन मॉल, लोहिया पार्क, बीबीडी अकादमी, अंबेडकर स्मारक, सीएमएस, पुलिस थाना मनोज पांडे चौराहा, पत्रकारपुरम, हुसड़िया चौराहा, ग्वारी चौराहा, दयाल चौराहा।

जनेश्वर मिश्र पार्क भी जा पाएंगे

इन सिटी बस का उपयोग ऐसे लोग भी कर पाएंगे जोकि जनेश्वर मिश्र पार्क या अंबेडकर पार्क घूमने के लिए तेलीबाग या चौक से आते हैं। इन लोगों को अब सीधे बस मिल सकेगी। अंबेडकर पार्क और 1090 चौराहा पर बस उतारेगी।